**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**05.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश सरकार मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए स्थापित करेगी नई हैचरी व कोल्ड स्टोर।
- हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने सैलानियों की सुविधा के लिए अटल टनल मार्ग से शुरू की ट्रैवलर सेवा
- सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव जी जयंती आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है—राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं।
- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य में मौसम ने ली करवट—ऊंची चोटियों पर हिमपात से बढ़ी ठंड।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि मत्स्य व्यवसाय से जुड़े किसानों को लाभान्वित करने के लिए राज्य सरकार राज्य की नदियों और जलाशयों के किनारे नई हैचरी और कोल्ड स्टोर स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कल मत्स्य पालन विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग को मत्स्य उत्पादन की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग को प्रदेश भर में नए कोल्ड स्टोर स्थापित करने के लिए उपयुक्त भूमि की पहचान करने को कहा। मुख्यमंत्री ने मत्स्य पालन विभाग को किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें आधुनिक तकनीक और सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में मत्स्य उत्पादन बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024—25 में 19 हजार 19 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन दर्ज किया गया, जबकि इस वर्ष अक्तूबर माह तक 7 हजार 7 सौ 73 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ट्राउट मछली उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है और राज्य सरकार ट्राउट मछली पालकों को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए एक कॉर्पस फंड स्थापित करेगी।

**पर्यटन निगम—ट्रैवलर सेवा**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने पहली बार रोहतांग दर्रा को कोकसर और अटल टनल मार्ग से सैलानियों को घुमाने के लिए ट्रैवलर सेवा शुरू की है। इसके लिए प्रति सवारी किराया आठ सौ रुपये निर्धारित किया गया है। दूसरी ट्रैवलर सेवा मनाली से सिस्सू के बीच चलाई जा रही है, जिसका किराया पांच सौ रुपये प्रति सवारी तय किया गया है। रोहतांग दर्रे पर पर्यटकों को बर्फ में अठखेलियां करने के लिए लगभग दो घंटे का समय दिया जाएगा। दोनों ट्रैवलर सुबह 10 बजे मनाली से रवाना होंगी और शाम लगभग 5 से 6 बजे तक मनाली वापस लौटेंगी।

**विकसित भारत**

विकसित भारत दो हजार 47 के संकल्प को लेकर राजकीय महाविद्यालय चंबा में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन कल सम्पन्न हो गया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सम्मेलन में कई विद्वानों ने भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। उपायुक्त ने कहा कि हमें दिनचर्या में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना होगा जिससे देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। सम्मेलन में दस राज्यों से कई विद्वानों ने दो सौ 50 से अधिक खोज पत्र के माध्यम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संबंध में सुझाव दिए हैं।

**प्रकाश परब**

सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश गुरु परब आज देश और विदेश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह

सुक्खू ने गुरु नानक जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिख समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दीं हैं। राज्यपाल ने कहा कि गुरु पर्व सिखों का सबसे पवित्र त्योहार है। उन्होंने कहा कि हमें समृद्ध और शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए गुरू नानक देव जी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी ने विश्व बंधुत्व के बंधन को मजबूत करने के लिए प्रेम, शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और निःस्वार्थ सेवा का उपदेश दिया।

*गुरूनानक देव जी का जन्म 14 सौ उन्हत्तर में पंजाब के तलवंडी में हुआ था। ये स्थान अब पाकिस्तान में है। श्री गुरु नानक देव जी एक महान आध्याात्मिक गुरू थे। गुरूनानक देव जी ने अपना जीवन लोगों को एक ईश्वर और एक ईमानदार, दयालु तथा मददगार जीवन जीने के महत्व के बारे में सिखाने के लिए समर्पित कर दिया। इस अवसर पर प्रदेशभर में गुरूद्वारों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें भजन, कीर्तन, अरदास और लंगर शामिल हैं। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के सभी गुरूद्वारों में सुबह के समय गुरू ग्रंथ साहिब पाठ का आयोजन किया ज रहा है।*
***प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से मैं गोदावरी वर्मा***

## कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी प्रदेश वासियों को श्री गुरू नानक देव जी की जयंती पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरू नानक देव जी ने समाज में व्यापक कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और जाति, धर्म आधारित भेदभाव, मूर्ति पूजा और अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया।

## मौसम

हिमालय क्षेत्र में सक्रिय हुए ताजा पश्चिमी विक्षोभ के बाद प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। राजधानी शिमला सहित राज्य के कुछ स्थानों पर कल देर रात हल्की बारिश का समाचार है। बीती रात मनाली की ऊंची चोटियों पर हल्के हिमपात का समाचार है जबकि निचले क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हुई है जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। किन्नौर में बीती रात हुई बारिश के चलते पूरे क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। जिले के छितकुल में लगभग दो इंच बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि ऊंची चोटियों पर भी बर्फबारी से क्षेत्र में तापामन में गिरावट दर्ज की गई है। बिलासपुर में भी कल रात हल्की वर्षा हुई। चंबा जिला में भी आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज से प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि दो दिनों के दौरान चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हो सकता है।

## रेणुका मेला

अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में कहा कि राज्यपाल इस दौरान रेणुका जी प्रदर्शनी स्थल का भी अवलोकन करेंगे और मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी देंगे।

## सुरेश कुमार

विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि भोरंज में जल्द ही कामगार बोर्ड कार्यालय खोल दिया जाएगा। भोरंज मिनी सचिवालय परिसर में कल आयोजित एक जागरूकता शिविर व सामान वितरण समारोह को संबोधित करते हुए सुरेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने गरीबों और मजदूरों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने इस मौके पर 4 सौ 80 कामगारों को इंडक्शन हीटर प्रदान किए।

## सीएसएसआर

14वीं वाहिनी एन.डी.आर.एफ. नूरपुर ने सी.एस.एस.आर प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता के कल आयोजित समापन समारोह के मौके पर वाहिनी को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कमांडेंट बलजिंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं एन.डी.आर.एफ. के कर्मियों की दक्षता, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और आपदा प्रबंधन कौशल को और सुदृढ़ करती हैं।

**<u>सुर्खियां समाचार पत्रों से</u>**

**आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।**

अमर उजाला की सुर्खी है–**तपोवन में विधानसभा का शीतकालीन सत्र 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक**। **पंजाब केसरी लिखता है–तपोवन में पहली बार होगी 8 बैठकें एक दिन गैर सरकारी सदस्य कार्य के लिए निर्धारित।**

दैनिक जागरण की सुर्खी है–**एक सौ 26 करोड़ रुपये के 7 भवन फांक रहे धूल नहीं चली कक्षाएं।**

दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**सड़कों के लिए अब लगेंगे छोटे टेंडर–सी.एम. सुक्खू के विभाग को निर्देश, युवाओं को रोजगार– छोटे ठेकेदारों को मिलेगा प्रोत्साहन।** इसी अखबार की एक अन्य सुर्खी है–**डिजिटल कामगाज में हिमाचल देश में नंबर वन**।

**<u>समाचार एक बार फिर</u>**

- प्रदेश सरकार मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए स्थापित करेगी नई हैचरी व कोल्ड स्टोर।
- हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने सैलानियों की सुविधा के लिए अटल टनल मार्ग से शुरू की ट्रैवलर सेवा
- सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव जी जयंती आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है–राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं।
- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य में मौसम ने ली करवट–ऊंची चोटियों पर हिमपात से बढ़ी ठंड।